metadata, citation and similar papers at core.ac.uk
brought to you by CORE
provided by CMFRI Digital Repository

न्यूफेरी वार्फ, मुंबई में *पाम्पस चिनेनसिस* (यूफ्रासेन, 1788) की उच्च पकड का अवतरण

पोम्फ्रेट्स बहुत ही स्वादिष्ट समुद्री खाद्य है और महाराष्ट्र में इसका उच्च बाज़ार मूल्य है। न्यू फेरी वार्फ में 20-10-07 को आनायकों द्वारा “चैनीस पोम्फ्रेट” नाम से मशहूर *पाम्पस चिनेनसिस* की उच्च पकड (प्लेट-1) का अवतरण किया गया। मत्स्यन तल उत्तर पश्चिम दिशा की ओर 30-40 मी की गहराई में था। तीन आनायकों ने लगभग 1.61 टन चैनीस पोम्फ्रेट का अवतरण किया और इस पकड से प्राप्त आय लगभग 3,87,200/- रु था।

कुल 57 नमूनों का मापन किया गया और फोर्क लंबाई 270-279 मि मी के माध्य के साथ 218 से 369 मि मी के रैंच में थी (चित्र-1)। न्यू फेरी वार्फ में चैनीस पोम्फ्रेट का श्रेणीकरण और मूल्य सारणी - 1 में दिया गया है।



चित्र 1. न्यू फेरी वार्फ में अवतरण की गयी *पाम्पस चिनेनसिस* की लंबाई आवृत्ति

पत्रव्यवहार

ठाकुर दास, सुजीत सुन्दरम, सी.जे. जोसकुट्टी और बी.बी. चवान

सी एम एफ आर आइ मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई, महाराष्ट्र

सारणी - 1 न्यू फेरी वार्फ में चीनी पोम्फ्रेट का श्रेणीकरण और मूल्य

पोम्फ्रेट का भार (ग्रा)	श्रेणी	प्रति कि ग्रा मूल्य (रु.)
500 के ऊपर	नंबर 1	317
400 - 499	नंबर 2	267
300 - 399	नंबर 3	142

पाम्फ्रेट *पाम्पस चिनेनसिस*

चीनी पोम्फ्रेटों को मुंबई के ढालीय जलक्षेत्र में और कच की खाडी में 80 मी की गहराई में देखा जाता है। इसकी प्रचुरता वर्षा वर्ष बदलती रहती है और इस प्रकार की भारी पकड साधारण नहीं है, अतः प्रौढ नमूनों की इस प्रकार की अप्रत्याशित पकड की यह प्रथम रिपोर्ट है।